# समाहरणालय, दरभंगा।
## (जिला समादेष्टा का कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा।)

## अल्पकालीन निविदा सूचना

गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना एवं महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में दरभंगा जिलान्तर्गत गृहरक्षकों के 741 पदों पर स्वच्छ नामांकन की प्रक्रिया सम्पन्न की जानी है। प्राप्त विभागीय सूचना के आलोक में उक्त नामांकन प्रक्रिया हेतु जिलान्तर्गत स्वीकृत पद का 133 गुणा i.e. 98,500 आवेदन प्राप्त होना संभाव्य है। नामांकन की प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के शारीरिक सक्षमता जाँच, जो विभाग द्वारा रिक्ति के विज्ञापन निर्गत के आलोक में तिथि निर्धारित की जायेगी हेतु चयनित प्रत्येक जाँच (परीक्षा) स्थल पर निम्नांकित व्यवस्था की जानी है:–

- I. Biometric Data and Photo Capture of the Candidate.
- II. Biometric Verification and Photo Authentication of the Candidate.
- III. CCTV- Live Recording and Registration of each event which can be given to candidate on spot showing timing and marks etc of each event.
- IV. UHF RFID-Based Race Timing System (दौड़ के लिए)
- V. Digital PST (Physical standard test) machine for automated height and chest measurement (ऊँचाई/सीना माप के लिए)
- VI. Laser Based Digital long jump measurement system. (लंबी कूद के लिए)
- VII. Laser Based Digital shot put measurement system. (गोला फेंक के लिए)
- VIII. Videography of Every Event and campus with time stamping.

चयनित प्रत्येक जाँच (परीक्षा) स्थल पर समुचित संख्या में उपर्युक्त व्यवस्था से संबंधित उपस्कर, कुशल एवं तकनीकी रूप से दक्ष मानव बल के साथ किए जाने हेतु इच्छुक एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों से द्वि–लिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफा में मुहरबंद कर एक बड़े लिफाफा में दोनों बीड को मुहरबंद करेंगे तथा इस बड़े लिफाफा को निर्धारित समयावधि में कार्यालय दिवस को कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा में हाथों–हाथ या निबंधित डाक के माध्यम से जमा करेंगे। निविदादाता लिफाफा पर अपना पूर्ण पता अवश्य अंकित करेंगे।

इच्छुक एजेंसी द्वारा निविदा, निविदा प्रकाशन की तिथि से **दिनांक–04.04.2025 के 02:00 बजे अपराह्न** तक जमा किया जा सकता है। निबंधित डाक के माध्यम से निविदा भेजने की स्थिति में निविदा जमा करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि/समय तक जिला समादेष्टा का कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा को प्राप्त निविदा ही मान्य होंगे। निविदादाता को निर्धारित अग्रधन की राशि किसी अधिसूचित वाणिज्यकीय बैंक से निर्गत वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करनी होगी। निर्धारित तिथि/समय तक प्राप्त निविदा जिला क्रय समिति के समक्ष **दिनांक–04.04.2025 को 04:00 बजे अपराह्न** में समाहरणालय, दरभंगा स्थित अम्बेदकर भवन, लहेरियासराय में खोला जायेगा। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश निर्धारित तिथि को निविदा नहीं खोली जाती है तो उपस्थित सभी निविदादाता को इसकी सूचना देते हुए अगली तिथि का निर्धारण किया जा सकेगा। निविदा खोलने के समय जिला क्रय समिति के समक्ष मूल कागजात के साथ निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उक्त अंतिम तिथि के भीतर किसी भी कार्य दिवस के कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा हेतु अग्रधन की राशि निम्न प्रकार है:–**

| क्र0सं0 | कार्य की अनुमानित राशि (लाख रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | 100 | 25,000=00 |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी दरभंगा जिला के वेबसाईट http://darbhanga.bih.nic.in पर उपलब्ध है। आमंत्रित निविदा कार्यों एवं निविदा के अन्य पहलुओं की विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक ऐजेन्सियों के साथ **दिनांक–02.04.2025 को 04:00 बजे अपराह्न** में समाहरणालय दरभंगा स्थित अम्बेदकर भवन, लहेरियासराय में प्री बिड बैठक आहूत की जायेगी।

17/3/25

जिलाधिकारी,
दरभंगा।

## चयनित निविदादाता द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विवरणी:–

❖ गृहरक्षकों के पदों पर स्वच्छ नामांकन की प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के शारीरिक सक्षमता जाँच हेतु चयनित प्रत्येक स्थल पर क्रमशः 1. अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन, 2. दौड़ प्रतिस्पर्धा 3. ऊँचाई एवं छाती माप, 4. ऊँची कूद एवं 5. लंबी कूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जायेगा। सभी आयोजन के पूर्ण होने के पश्चात् सभी सफल अभ्यर्थी का परिणाम को संधारित करते हुए सफल अभ्यर्थियों से प्राप्त सभी स्वहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्रों का स्कैन कर अभ्यर्थीवार संधारित किया जाना है। शारीरिक सक्षमता जाँच (परीक्षा) हेतु चयनित प्रत्येक स्थल पर उक्त सभी आयोजन/कार्य हेतु निविदा में चयनित निविदादाता/एजेंसी द्वारा निम्नलिखित कार्य/व्यवस्थायें करनी होंगी:–

1. **अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्था:–**
   - ➢ रजिस्ट्रेशन हेतु 15 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक काउण्टर का एक–एक कम्प्यूटर (सभी उपकरण सहित), एक–एक बायोमैट्रिक रीडर मशीन, एक–एक कैमरा (हाई रेज्यूलेशन कैमरा) प्रशिक्षित मानवबल एवं पर्याप्त संख्या में BIB की व्यवस्था की जायेगी।
   - ➢ प्रत्येक अभ्यर्थी का PET (Physical Examination Test) Sheet Generate करना तथा सभी निबंधित अभ्यर्थियों का Data अगले प्रतिस्पर्धा (दौड़ प्रतिस्पर्धा) के लिए भेजना।
2. **दौड़ प्रतिस्पर्धा हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्था:–**
   - ➢ दौड़ प्रतिस्पर्धा हेतु 01 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। काउण्टर पर एक–एक कम्प्यूटर एवं एक–एक बायोमैट्रिक रीडर मशीन की व्यवस्था (सभी उपकरण एवं प्रशिक्षित मानवबल के साथ)।
   - ➢ दौड़ प्रतिस्पर्धा हेतु RFID Tracker (Top mount एवं side mount) लगाना।
   - ➢ RFID Reader दौड़ हेतु निर्धारित ट्रैक पर कम–से–कम 4 स्थानों पर Synchronised तरीके से लगाना।
   - ➢ दौड़ की Videography कराना।
   - ➢ प्रत्येक 20 मिनट में दौड़ के अभ्यर्थियों का सफल एवं असफल का अलग–अलग परिणाम निकालना।
   - ➢ दौड़ में सफल अभ्यर्थी का Biometric जाँच।
   - ➢ दौड़ में सफल अभ्यर्थी का Data अगले आयोजन (Event) में भेजना।
3. **ऊँचाई एवं छाती माप प्रतिस्पर्धा हेतु प्रत्येक स्थल पर की जाने वाली व्यवस्था :–**
   - ➢ ऊँचाई एवं छाती माप प्रतिस्पर्धा हेतु 02 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक काउण्टर पर एक–एक कम्प्यूटर (सभी उपकरण एवं प्रशिक्षित मानवबल के साथ) एवं अन्य संसाधन की व्यवस्था करना।
   - ➢ Digital PST Machine for Automated Height and chest measurement का अधिष्ठापन।
   - ➢ ऊँचाई एवं छाती माप में प्रत्येक अभ्यर्थी का सफल एवं असफल का अलग–अलग परिणाम तैयार करना।
   - ➢ ऊँचाई एवं छाती माप में सफल अभ्यर्थी का Data अगले आयोजन (Event) में भेजना।
4. **ऊँची कूद प्रतिस्पर्धा हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्था:–**
   - ➢ ऊँची कूद प्रतिस्पर्धा हेत 02 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक काउण्टर पर एक–एक कम्प्यूटर (सभी उपकरण एवं प्रशिक्षित मानवबल के साथ) एवं अन्य संसाधन की व्यवस्था करना।
   - ➢ ऊँची कूद में प्रत्येक अभ्यर्थी के अंक की Real Time में Data Base में Entry करना।
   - ➢ ऊँची कूद में प्रत्येक अभ्यर्थी का अंक पत्र तैयार करना।
   - ➢ ऊँची कूद से अभ्यर्थी का Data अगले आयोजन (Event) में भेजना।

5. **लंबी कूद प्रतिस्पर्धा हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्थाः–**

- लंबी कूद प्रतिस्पर्धा हेतु 02 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक काउण्टर पर एक–एक कम्प्यूटर (सभी उपकरण एवं प्रशिक्षित मानवबल के साथ) एवं अन्य संसाधन की व्यवस्था करना।
- लंबी कूद प्रतिस्पर्धा Laser Based Digital Long Jumpt Measurement System के द्वारा किया जायेगा, इसके लिए Instrument का अधिष्ठापन करना एवं Tracking हेतु कुशल मानव बल की प्रतिनियुक्ति करना।
- लंबी कूद में प्रत्येक अभ्यर्थी का अधिष्ठापित Instrument से अभ्यर्थी द्वारा कूदी गयी दूरी का माप एवं उसके समरूप अंक का Real Time में Data Base में Entry/Automatic Synchronisation करना।
- लंबी कूद में प्रत्येक अभ्यर्थी का अंक पत्र तैयार करना।
- लंबी कूद के अभ्यर्थी का Data अगले आयोजन (Event) में भेजना।

6. **Shot Put (शॉट पुट) प्रतिस्पर्धा हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्था :–**

- Shot Put (शॉट पुट) प्रतिस्पर्धा हेतु 02 काउण्टर स्थापित किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक काउण्टर पर एक–एक कम्प्यूटर (सभी उपकरण एवं प्रशिक्षित मानवबल के साथ) एवं अन्य संसाधन की व्यवस्था करना।
- Shot Put (शॉट पुट) प्रतिस्पर्धा Laser based digital measurement System के द्वारा किया जायेगा, इसके लिए Instrument का अधिष्ठापन करना एवं Tracking हेतु कुशल मानव बल की प्रतिनियुक्ति करना।
- Shot Put (शॉट पुट) प्रत्येक अभ्यर्थी का अंक पत्र तैयार करना।
- Shot Put (शॉट पुट) के अभ्यर्थी का Data अगले आयोजन (Event) में भेजना।

7. **सभी आयोजनों के सम्पादन के पश्चात् परिणाम तैयार करने एवं डाटा संधारित करने हेतु प्रत्येक स्थल पर की जानेवाली व्यवस्था :–**

- सभी प्रतिस्पर्धाओं के पश्चात् समेकित परिणाम उपलब्ध कराना।
- सभी प्रतिस्पर्धाओं के सफल अभ्यर्थी का परिणाम उनके प्राप्तांक के साथ उपलब्ध कराना।
- सभी Data Time Stamping के साथ होगा एवं किसी भी Data का Alteration बिना सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के नहीं किया जायेगा।
- सफल अभ्यर्थियों से प्राप्त सभी स्वहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्रों को Scan करते हुए अभ्यर्थीवार सुरक्षित एवं संरक्षित करना।

<u>नोटः</u>–

- ✓ उक्त सभी आयोजनों के क्रम में निविदादाता द्वारा सभी Event की Videography की जायेगी, जिसके लिए विडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति करना एवं Event wise Data सुरक्षित एवं संरक्षित कर कार्यालय को उपलब्ध कराना।
- ✓ सभी Event को CCTV से भी Capture किया जाना है, इसके लिए आवश्यकतानुसार CCTV का अधिष्ठापन इस प्रकार से करना होगा की प्रत्येक आयोजन के सभी गतिविधियाँ स्पष्ट रूप से रिकार्ड हो। Event wise Data सुरक्षित एवं संरक्षित करते हुए कार्यालय को उपलब्ध कराना है।
- ✓ चयनित निविदादाता को Event से 48 घंटे पहले सभी व्यवस्थाओं को अधिस्थापित कर दो बार सफल Mock Run करना होगा।
- ✓ चयनित आयोजन स्थल पर टेंट/पंडाल/टेबल/कुर्सी/विद्युत आदि की व्यवस्था प्रशासन द्वारा पृथक ऐजेन्सी के माध्यम से कराया जाऐगा।

**निविदा की सामान्य शर्तें :–**

1. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. लिफाफा पर **"गृह रक्षकों के पदों पर स्वच्छ नामांकन की प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के शारीरिक सक्षमता जाँच हेतु आयोजित निविदा"** एवं **निविदादाता एजेन्सी का नाम एवं पूर्ण पता** अवश्य अंकित करेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफा में देना आवश्यक होगा।
3. अपूर्ण एवं बिना हस्ताक्षर किये हुए निविदादाता का वित्तीय निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
4. वित्तीय निविदा की दर अंक एवं शब्दों में अंकित करना अनिवार्य होगा। दोनों में अंतर होने पर शब्दों में अंकित राशि ही मान्य होगी।
5. वैसे फर्म जो तकनीकी निविदा में सफल होंगे, केवल उन्ही का वित्तीय निविदा खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड में असफल निविदादाता का वित्तीय बिड बिना खोले वापस कर दिया जाएगा।
6. निविदा में दर के साथ सभी प्रकार के टैक्स तथा परिवहन व्यय सम्मिलित रहना अनिवार्य है। अलग से कोई भी टैक्स/परिवहन व्यय देय नहीं होगा।
7. स्वीकृत निविदादाता को समय–सीमा के अधीन कार्य सम्पन्न करना होगा अन्यथा आर्थिक दण्ड अधिरोपित करते हुए उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**निविदा की तकनिकी शर्तें :–**

निविदादाता फर्म का Bihar Shops & Establishment अथवा Act SST/MSME अन्तर्गत कम–से–कम तीन साल पूर्व से निबंधित होने का स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. निविदादाता निविदा दाता फर्म द्वारा अग्रद्यन के रूप में वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा के पदनाम से निर्गत **रूपये 25,000/– (पच्चीस हजार)** मात्र का बैंक ड्रफ्ट मूल में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता का चरित्र उत्तम होना चाहिए। इसके निमित पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र जो छः माह के अन्दर का हो, की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता फर्म को पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा। फर्म को आयकर संख्या (PAN NO.) के साथ अद्यतन आयकर रिर्टन संलग्न करना होगा।
4. पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का किसी Certified Chartered Accountant (CA) द्वारा निर्गत/सत्यापित Audited Balance Sheet तथा Profit-Loss Account Positive Net Worth के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. पिछले 03 वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम मो0 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये का होना अनिवार्य है, जिससे ये प्रमाणित हो कि फर्म आर्थिक रूप से सुदृढ़ है। इसका किसी Certified Chartered Accountant (CA) द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं प्रत्येक वर्ष में कम–से–कम 25,00,000.00 (पचीस लाख) रूपये का Net Worth का Audited Report संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता फर्म को वस्तु एवं सेवा कर (GST) का निबंधन प्रमाण की स्व–अभिप्रमाणित प्रति तथा न्यूनतम मो0 10,00,000.00 (दस लाख) रूपये वस्तु एवं सेवा कर (GST) के रूप में पिछले 03 वित्तीय वर्ष (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में से किसी एक वित्तीय वर्ष में जमा करने से संबंधित सिस्टम जेंनरेटैड वार्षिक विवरणी (GSTR-9) की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता फर्म को EPFO (Employee Providant Fond Organisation) एवं ESIC (Employee State Insurance Corporation) के अन्तर्गत निबंधित होना अनिवार्य है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 के प्रत्येक माह अन्तर्गत संस्था में कार्यरत कम–से–कम 25 कर्मी का EPFO के पेरॉल पर होना का साक्ष्य, जो निविदा प्रकाशन के तिथि के पूर्व का निर्गत हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. फर्म द्वारा प्रयुक्त System में अनुज्ञापित (Licensed) Operating System एवं Antivires Software का प्रयोग करना होगा। इस संबंध में नोटरी पब्लिक से निर्गत शपथ पत्र तकनिकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9. चयनित निविदादाता फर्म को कार्य से संबंधित डाटा के सुरक्षा हेतु Cyber Security Regulation के तहत Non-Disclosure Agreement विहित प्रपत्र में करना होगा।
10. कार्य समाप्ति के बाद संबंधित सम्पूर्ण डाटा अपने कॅम्प्यूटर से जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी/आईटी प्रबंधक/जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा के देख–रेख में हटाना होगा।
11. निविदादाता का चरित्र उत्तम होना चाहिए। इसके निमित पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र 06 माह के अन्दर का हो, की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. निविदादाता फर्म को काली सूची में दर्ज नहीं होने एवं जिला स्तर पर किये गये कार्य/भुगतान से संबंधित कोई वाद न्यायालय में लंबित नहीं है, से संबंधित शपथ–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. भुगतान की प्रक्रिया, किए गए कार्य/सेवा के गुणवत्ता के आधार पर की जाएगी।
14. वैसे निविदादाता जो निर्धारित प्रपत्र में निविदा नहीं देंगे उसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
15. सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन के उपरान्त भुगतान की जाएगी तथा भुगतेय राशि पर सरकार द्वारा निर्धारित करों की नियमानुसार कटौती की जाएगी।
16. सम्बंधित कार्य करने के लिए सामान्य स्थिति में सम्बंधित फर्म को अग्रिम स्वरूप कोई राशि देय नहीं होगी बल्कि कार्योपरान्त सम्पुष्टि/उपयोगिता प्रमाण–पत्र के आधार पर राशि का नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।
17. वित्तीय निविदा में अंकित दर अगले एक वर्ष तक के लिए मान्य होगी।
18. कार्य समाप्ति के उपरान्त सम्बंधित फर्म को 30 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से विपत्र समर्पित करना होगा। विपत्र इस अवधि में प्राप्त न होने पर फर्म/एजेन्सी के विरूद्ध प्रतिदिन 1% जो अधिकतम 25% तक हो सकता है, का आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जाएगा।
19. कार्य निर्धारित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित फर्म का Performance Security जब्त कर फर्म को काली सूची में डालने/दर्ज करने एवं शेष कार्य किसी दूसरे एजेन्सी से कराने के लिए वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा स्वतंत्र होंगे।
20. फर्म द्वारा किए जा रहे कार्य पूर्ण होने की सत्यता एवं कार्यों की सत्यता हेतु सत्यापन प्रमाण–पत्र संबंधित शारीरिक सक्षमता जाँच स्थल के नोडल पदाधिकारी/कार्य लेने वाले पदाधिकारी/प्राधिकृत पदाधिकारी (जो राजपत्रित श्रेणी से नीचे स्तर के न हों) के स्तर का ही मान्य होगा, जिसके आलोक में नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। सम्बंधित फर्म कार्यावधि में ही कार्य का सत्यापन सम्बंधित पदाधिकारी से कराना सुनिश्चित करेंगे।
21. निविदा में चयनित फर्म को नियम 131 (त) के आलोक में प्रदर्शन प्रतिभूति (परफोरमेन्स सिक्युरिटी) कार्य की अनुमानित राशि (निविदा की सूचना में वर्णित) का 10% जमा करना होगा। इसमें अग्रधन की राशि समाहित होगी। यह राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंक गारंटी के रूप में जमा की जाएगी, जो किसी अधिसूचित वाणिज्यक बैंक से वरीय जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, दरभंगा के पदनाम से निर्गत होगी तथा जिसकी वैद्यता अवधि न्यूनतम 06 (छः) माह की होगी।
22. क्रय समिति के समक्ष निविदादाता स्वयं या प्रधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रह सकते हैं।
23. निविदा के साथ सभी आवश्यक कागजात की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बाद में कागजात जमा करने सम्बंधी किसी प्रकार का अनुरोध मान्य नहीं होगा।
24. निविदा की किसी भी भार्त को शिथिल करने/बिना कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने अथवा संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
25. किसी विवाद की स्थिति में जिला पदाधिकारी, दरभंगा का निर्णय अंतिम होगा।
26. स्थानीय फर्मों को प्राथमिकता दी जायेगी। कार्यहित में आवश्यकतानुसार L1 दर पर संबंधित कार्य किसी भी अन्य इच्छूक एजेंसी से कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी स्वतंत्र होगें।
27. गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना एवं महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना द्वारा समय–समय पर प्राप्त अद्यतन निदेश/आदेश के आलोक में कार्य करना होगा।

**वित्तीय निविदा की शर्तें** :–

1. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।
2. वित्तीय निविदा में दर के साथ सभी प्रकार के टैक्स तथा परिवहन व्यय सम्मिलित रहना अनिवार्य है। अलग से किसी प्रकार की राशि देय नहीं होगा।
3. वित्तीय निविदा प्रपत्र में अंकित प्रत्येक शारीरिक सक्षमता जाँच स्थल हेतु उपरोक्त उपस्कर सहित सेवा प्रदान करने हेतु प्रति कार्य दिवस एवं प्रति निबंधित अभ्यर्थी का अलग–अलग दर अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।
4. उपरोक्त प्रति शारीरिक सक्षमता जाँच स्थल प्रति कार्य दिवस अथवा प्रति अभ्यर्थी दर में से किसी एक दर को स्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

17/3/25

जिलाधिकारी,
दरभंगा।